## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**07 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट के बाढ़ग्रस्त इलाकों का किया दौरा। आठ सौ परिवारों में बांटी राहत सामग्री।
- मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद के दिए निर्देश।
- बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य के करीब दो दर्जन जिले बाढ़ से प्रभावित। बारिश के कारण हुए अलग–अलग हादसों में आठ लोगों की मौत।
- प्रदेश में आगामी एक दिसम्बर से चार जनवरी–2027 तक की जाएगी जनगणना। सोलह से 30 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगा स्वगणना का विकल्प।
- यूपी टी ट्वेंटी लीग के फाइनल मुकाबले में मेरठ मावेरिक्स ने लखनऊ फॉलकंस को 94 रनों से हराया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल चित्रकूट में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण और राम घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित 8 सौ परिवारों को राहत सामग्री, आश्रयहीन परिवारों को आवास के लिए भूमि आवंटन प्रमाण–पत्र और राहत राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार आपदा की इस घड़ी में पूरी मजबूती और संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।

***आपदा के इस घड़ी में आप सबको राहत सामग्री के साथ–साथ मैं आश्वस्त करने के लिए आया हूं। आप अकेले नहीं हैं बल्कि डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़ी है। बाढ़ की चपेट में या अग्निकांड की चपेट में किसी गरीब का घर आता है। बाढ़ की चपेट में आके पूरा घर बह गया है। उसको प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रता रखता है तो प्रधानमंत्री आवास और नहीं तो मुख्यमंत्री आवास योजना में एक नया आवास और जमीन का पट्टा तत्काल दे दो।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में एसडीआरएफ और पीएसी की अतिरिक्त कंपनियां को बाढ़ नियंत्रण, राहत और बचाव कार्य में लगाया गया है। श्री योगी ने कहा कि फसल नुकसान का सर्वे भी करवाया जायेगा और आकलन के आधार पर राहत राशि मुहैया कराई जायेगी। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को राहत शिविरों में भोजन, स्वास्थ्य और सुरक्षा की समुचित तथा प्रभावी व्यवस्था के निर्देश दिये। इस दौरान श्री योगी ने बाढ़ प्रभावित लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्यायें भी सुनीं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बाढ़ प्रभावित जनपद चित्रकूट के निरीक्षण के बाद अपने सरकारी आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभावित परिवारों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जाए। फसल तथा मकान की क्षति का तत्काल सर्वे कराकर पात्र लोगों को नियमानुसार मदद दी जाए। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी के कैचमेन्ट एरिया में हुए अतिक्रमण का चिन्हांकन कर उसे हटाने, नदी पर बने फुट ओवर ब्रिज का सेफ्टी ऑडिट कराने तथा मंदाकिनी में सीवर और नालों का पानी किसी भी दशा में न जाने देने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्रकूट धाम के व्यापारियों और मठ–मन्दिरों को हुए नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसल क्षति का सर्वे शीघ्र पूरा कराया जाए और पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह ।***

**********

प्रदेश में भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य के 24 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और कई नदियां अब भी उफान पर हैं। एक रिपोर्ट

**शाहजहाँपुर जिले में गंगा और रामगंगा नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब है। प्रशासन ने गर्रा और खाखरा नदियों के किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। श्रावस्ती जिले में राप्ती नदी के कारण लगातार कटान हो रही है और यातायात बाधित हुआ है,। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वी हिस्से में चार दिनों तक और पश्चिमी जिलों में दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ**

श्रावस्ती जिले की जमुनहा तहसील के वीरपुर लौहकिया में राप्ती नदी के तेज बहाव से आसपास की जमीने जलमग्न हो गई है। बाढ़ और बारिश को देखते हुए बिजनौर, बदायूं, रामपुर और पीलीभीत के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। भारी बारिश से कल कानपुर में मकान गिरने से 4, बदायूं में एक, वहीं महोबा में एक गड्ढे में बरसात का पानी भर जाने के कारण उसमें डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई।

**********

उत्तर प्रदेश सहित चार राज्यों में जनसंख्या की गणना आगामी एक दिसम्बर से चार जनवरी तक की जायेगी।

**यूपी, उत्तराखंड सहित चार राज्यों के मैदानी इलाकों में जनसंख्या की गणना पहली दिसम्बर से शुरू होकर अगले साल चार जनवरी तक जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और गोवा राज्यों में 2027 के शुरू में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को समय से पहले कराया जा रहा है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने इस संबंध में जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा है कि इन क्षेत्रों के लोग 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक स्वयं जानकारी दर्ज कराने का विकल्प अपना सकते हैं। मुख्य गणना के बाद 5 जनवरी से 9 जनवरी तक संशोधन चक्र भी चलाया जायेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

ब्रिक्स समूह के सहभागी देशों के मुख्य न्यायाधीशों सहित 65 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल ने कल आगरा में ताजमहल और वहां का किला देखा। एक रिपोर्ट

**प्रतिनिधिमंडल में रूस, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया सहित 10 से ज्यादा देशों के मुख्य न्यायाधीश शामिल हुए। हल्की बारिश के बीच ताजमहल पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने ताज के सौन्दर्य को निहारा और डायना बेंच पर फोटो सेशन कराया। सदस्यों ने ताजमहल के इतिहास, निर्माण शैली और पच्चीकारी कला के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल आगरा किला पहुंचा और वहां के कई ऐतिहासिक स्थलों तथा मुगलकालीन स्थापत्य कला को देखा। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार, आगरा**

**********

हज–2027 के लिये चयनित आजमीने हज संबंधी मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस दो चरणों में कराना अनिवार्य किया गया है। इसमें, पहला चरण चयन के बाद और दूसरा हज यात्रा की उड़ान से पहले कराया जायेगा। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव मोहम्मद तारिक ने बताया कि पहले चरण में आजमीने हज को सरकारी चिकित्सा केन्द्र से ऐलोपैथिक डॉक्टर का मेडिकल फिटनेस सार्टिफिकेट लेना होगा। इस सिलसिले में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**********

यूपी टी ट्वेंटी लीग के फाइनल मुकाबले में कल मेरठ मावेरिक्स ने लखनऊ फॉलकंस को 94 रनों से हरा दिया। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेरठ की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर दो सौ तीन रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम एक सौ नौ रन पर ही ढेर हो गई।

**********

संभल जिले के बहजोई इलाके में कल सुबह एक ट्रक और टेम्पो की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा जिला मुख्यालय से दो किमी दूर आगरा–मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बमरेटा गांव के समीप उस समय हुआ जब सवारियों से भरी एक टैम्पो की ट्रक से टक्कर हो गयी। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राविधिक शिक्षा–अध्यापन सेवा परीक्षा–2025 कल सकुशल सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी और मेरठ में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में कराई गई।

**********